## ढाबे पर खाना खाने रुका चालक, ट्रक लेकर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

▸ **जीपीएस ट्रैकिंग की मदद से पुलिस ने 4 घंटे में ट्रक सहित आरोपी को दबोचा**



आरोपी

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 30 लाख रुपये मूल्य का माल भरा ट्रक चोरी होने के महज चार घंटे के भीतर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार ट्रक चालक सलामुद्दीन खान निवासी नूंह, हरियाणा मंगलवार रात करीब 8:30 बजे इंदौर से उदयपुर की ओर माल लेकर जा रहा था। रास्ते में वह बड़ौदा चौकी के सामने स्थित एक ढाबे पर भोजन करने के लिए रुका। चालक के भोजन कर लौटने पर ट्रक मौके से गायब मिला। ट्रक में लगभग 30 लाख रुपये मूल्य का माल भरा हुआ था।

घटना की सूचना तत्काल नामली थाने को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर कमल कुमार पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई और ट्रक की तलाश शुरू की गई।

पुलिस ने ट्रक में लगे जीपीएस सिस्टम की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की। प्रारंभिक लोकेशन जावरा की ओर मिली, लेकिन बाद में ट्रक वापस नामली क्षेत्र के 12 पत्थर के पास पहुंच गया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ट्रक को रोक लिया और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान संतोष पिता कालू सिंगर निवासी ग्राम बांकी, थाना शिवगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने देर रात करीब 3 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया ट्रक और उसमें भरा माल सुरक्षित बरामद कर लिया।

पुलिस के अनुसार ट्रक राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी प्रवीण कुमार बियानी का है, जिसे चालक सलामुद्दीन खान चला रहा था। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है। नामली पुलिस की तत्परता से बड़ी आर्थिक क्षति टल गई और चोरी की वारदात का शीघ्र खुलासा हो गया।

# पुतले की आग बुझी तो भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े कार्यकर्ता, बैरिकेड्स पर पुलिस से धक्का-मुक्की

▸ **राज्यसभा नामांकन विवाद पर एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को रतलाम में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई का प्रदर्शन उस समय उग्र हो गया, जब चुनाव आयोग का पुतला जलाने पहुंचे कार्यकर्ताओं की कोशिश पर फायर ब्रिगेड ने पानी डालकर आग बुझा दी। इसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ता भाजपा जिला कार्यालय के घेराव के लिए कूच कर गए, जहां पहले से तैनात पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक लिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता डालूमोदी बाजार चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां चुनाव आयोग और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान जैसे ही चुनाव आयोग के प्रतीकात्मक पुतले को आग लगाई गई, मौके पर मौजूद नगर निगम की फायर ब्रिगेड ने तत्काल पानी का छिड़काव कर आग बुझा दी। पुतला दहन के बाद आंदोलन ने नया मोड़ ले लिया। आक्रोशित कार्यकर्ता भाजपा जिला कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। पुलिस प्रशासन ने संभावित टकराव की आशंका को देखते हुए कार्यालय पहुंचने वाले मार्ग पर बैरिकेड्स लगाकर सुरक्षा घेरा बना दिया था। जिससे दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बहस और धक्का-मुक्की का दौर चलता रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, माणकचौक थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान और स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह जादौन पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे। करीब आधे घंटे तक चले इस उग्र राजनीतिक प्रदर्शन के चलते डालूमोदी बाजार क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा और जाम की स्थिति बनी रही।

## दो युवकों की जहरीला पदार्थ सेवन से मौत

**रतलाम।** बिलपांक और बाजना थाना क्षेत्र में जहरीले पदार्थ के सेवन से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों मामलों में उपचार के दौरान युवकों ने दम तोड़ दिया। बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम झर संदला निवासी 17 वर्षीय पियुष पिता मुकेश भुरिया की जहरीले पदार्थ के सेवन से तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मृत्यु हो गई। वहीं बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ीगमना निवासी 31 वर्षीय ईलु पिता वेलिया निनामा की भी जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।



## वृद्धाश्रमों में वितरित की मटकियां

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुरुषोत्तम मास की पावन सोमवती अमावस्या पर वाघेला गौ सेवा जीव दया समिति ने विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सहयोग से वृद्धाश्रमों में सेवा कार्य किया। इस दौरान वृद्धजनों को गर्मी से राहत एवं दैनिक उपयोग के लिए छोटी मटकियों का वितरण किया गया।

समिति सदस्यों एवं महिला मंडलों की प्रतिनिधियों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया, उनका हालचाल जाना तथा सम्मानपूर्वक सामग्री भेंट की। कार्यक्रम में राठौर परिवार सखवाल नगर, महिला मंडल रेलवे कॉलोनी, अखिलेश्वर महादेव महिला मंडल तथा बाबा किला परिवार का विशेष सहयोग रहा। सेवा कार्य में समिति प्रमुख दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया, महावीर सिंह शक्तावत एवं निर्मल व्यास सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। महिला मंडलों की ओर से श्यामा वाघेला, शकुंतला सिसोदिया, कृष्णा कुमारी, अनीता व्यास, सोनू व्यास, राजश्री चौहान, प्रतिभा वाघेला, आशा भट्ट, मनोरमा शर्मा एवं महिमा मकवाना सहित कई महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के दौरान सेवा, दान एवं धर्म से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगी संस्थाओं एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### एक नजर में

## श्री गोपाल जी बड़ा मंदिर न्यास ने आरडीए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का किया सम्मान



**रतलाम।** श्री गोपाल जी बड़ा मंदिर न्यास द्वारा श्री पुरुषोत्तम मास के समापन के अवसर पर द्वारा रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल और उपाध्यक्ष गोविंद काकानी का सम्मान किया गया। श्री गोपाल मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का न्यास द्वारा शाल श्रीफल एवं साफा बांधकर तथा भगवान गोपाल जी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मनोहर पोरवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवा का फल अवश्य ही प्राप्त होता है। अगर सेवा अच्छे मन और दिल से की हो तो । आपने कहा कि मुझे यह दायित्व भगवान गोपाल जी के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है उसे मैं पूरी क्षमता से निर्वाहन करूंगा। रतलाम शहर के विकास में मेरी भागीदारी भगवान के आशीर्वाद से पूरी कर सकू ऐसी भगवान से प्रार्थना है कि मैं इस दायित्व का निर्वाहन करने में समर्थ हो सकूं । आपने प्राधिकरण की भावी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि प्राधिकरण सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य करेगा। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष गोविंद काकानी ने भी संबोधित किया । न्यासीगण लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मांगीलाल अग्रवाल (रस्सीवाला), महेश व्यास, किशोर मित्तल, रमेश गर्ग, केदार अग्रवाल, ताराचंद पालीवाल, जगजीवन राम, सत्यनारायण पोरवाल, सोनू व्यास, बजरंग पुरोहित, मोहनलाल भट्ट, जनक नागल, सुरेश दवे, एवं हनुमान भक्त मंडल के बसंत पंड्या, अभय श्रीमाल, विकास पालीवाल, पवन सोनी, मुकेश बम्बोरिया, विकास पोरवाल, संजय सोनी एवं सुनील पालीवाल ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन महेश व्यास एवं आभार रमेश गर्ग ने माना ।

## नामली में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर में 391 आवेदनों का निराकरण

**नामली।** नगर परिषद नामली में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर में आज नामली से संबंधित कुल 301, नगर परिषद धामनोद से संबंधित कुल 90, आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया। शिविर में शासन की योजनाओं मे पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया । इस अवसर पर विभागीय अधिकारी/कर्मचारी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर स्थल पर आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करती हुई, प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## श्री धर्मनाथ जिनालय की चतुर्थ वर्षगांठ पर दो दिवसीय ध्वजारोहण महोत्सव कल से

**जावरा।** श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ श्रीसंघ के तत्वावधान में जवाहर पथ स्थित श्री धर्मनाथ जिनालय की चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 18 एवं 19 जून को दो दिवसीय भव्य ध्वजारोहण महोत्सव आयोजित किया जाएगा। धार्मिक आयोजन खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत राष्ट्रसंत गुरुदेव श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी एवं गच्छ गणिनी प.पू. श्री सुभद्राश्रीजी म.सा. तथा प.पू. श्री शुभंकराश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-7 की पावन निश्रा में संपन्न होंगे। महोत्सव के प्रथम दिन 18 जून गुरुवार को प्रातः 7 बजे 18 अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से पूजन वस्त्रों में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। दूसरे दिन 19 जून शुक्रवार को प्रातः 8 बजे कश्मीरी गली स्थित निवास से ध्वजा चल समारोह प्रारंभ होगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री धर्मनाथ जिनालय पहुंचेगा। इसके पश्चात प्रातः 8:30 बजे कुशल महिला मंडल द्वारा सत्रहभेदी पूजन का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण प्रातः 10:15 बजे होने वाला ध्वजारोहण कार्यक्रम रहेगा। महोत्सव के मुख्य विधिकारक आशीष वन्यायक्य होंगे। कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी श्रीमती बसंतीबाई चौधरी एवं चौधरी परिवार हैं। श्रीसंघ पदाधिकारियों ने समाजजनों से अपील की है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर महाराज साहब के सान्निध्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों एवं ध्वजारोहण महोत्सव का लाभ लें तथा आयोजन को सफल बनाएं।

# एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने वालों पर कार्रवाई

▸ **5 से 15 रुपये तक अधिक मूल्य वसूली का खुलासा**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नापतौल विभाग ने विशेष जांच अभियान के दौरान एमआरपी से अधिक मूल्य पर कोल्ड ड्रिंक एवं पैकेज्ड पेय पदार्थ बेचने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई प्रकरण दर्ज किए हैं। कार्रवाई के दौरान रतलाम एवं जावरा के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट और दुकानों में उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूले जाने का मामला सामने आया।

जांच के दौरान विभागीय सुधारक अनुज्ञप्तिधारी को ग्राहक बनाकर अलग-अलग ब्रांड की कोल्ड ड्रिंक एवं फ्रूट ड्रिंक खरीदवाई गई। जांच में पाया गया कि कई प्रतिष्ठानों द्वारा पैकेज्ड उत्पादों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से 5 से 15 रुपये तक अधिक कीमत वसूली जा रही थी। इसे विधिक मापविज्ञान (पैकेज वस्तुएं) नियमों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए।

कार्रवाई की जद में जावरा स्थित दी फूड गार्डन एवं होटल रामाय पैलेस सहित रतलाम के शिवकृपा रेस्टोरेंट, कृष्णा आइसक्रीम पार्लर एंड जूस सेंटर, शक्तावत मोबाइल गैलरी, आभास नमकीन एंड कोल्ड ड्रिंक तथा क्रीम एंड क्रंच जैसे प्रतिष्ठान शामिल हैं। इसके अलावा होटल मां गुरुकृपा रेस्टोरेंट और आनंद दूध भंडार पर भी कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि यहां उपयोग किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल तौल उपकरण तथा लौह बांट निर्धारित अवधि में विभाग से सत्यापित एवं मुद्रांकित नहीं कराए गए थे। इसे विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 के तहत दंडनीय मानते हुए प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

## रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता से यात्री को मिला खोया मोबाइल

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल पर कार्यरत चेकिंग स्टाफ ने यात्री का खोया हुआ मोबाइल फोन सुरक्षित वापस दिलाया। जानकारी के अनुसार 15 जून 2026 को गाड़ी संख्या 04726 खड़की-हिसार स्पेशल ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात टीटीई विनोद कुमार को सूचना मिली कि एचए-1 कोच के 'ए' कूपे में सीट क्रमांक 1, 2 एवं 3 पर खड़की से वडोदरा तक यात्रा करने वाला एक यात्री अपना मोबाइल फोन ट्रेन में ही भूल गया है। यह जानकारी वडोदरा स्टेशन से ट्रेन में सवार हुए एक अन्य यात्री ने ऑन ड्यूटी चेकिंग स्टाफ को दी। सूचना मिलते ही टीटीई विनोद कुमार ने वाणिज्य नियंत्रण कार्यालय रतलाम को अवगत कराया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बाद में मोबाइल फोन को विधिवत मेमो तैयार कर गोधरा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सुपुर्द कर दिया गया।

## पुलिस ने 7 जघन्य मामलों में दिलाई कठोर सजा

▸ **हत्या, दुष्कर्म और पॉक्सो प्रकरणों में आजीवन कारावास से 10 वर्ष की सजा**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस ने जघन्य एवं सनसनीखेज अपराधों की विशेष और गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वर्ष 2026 में अब तक 10 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा निर्णय सुनाए गए, जिनमें 7 चिह्नित जघन्य मामलों में आरोपियों को आजीवन कारावास से लेकर कठोर कारावास तक की सजा सुनाई गई।

पुलिस द्वारा इन मामलों में घटनास्थल का वैज्ञानिक परीक्षण, एफएसएल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम निष्कर्ष, कॉल डिटेल, मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज सहित तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग किया गया। साथ ही गवाहों के संरक्षण, समयबद्ध केस डायरी संधारण और अभियोजन अधिकारियों के साथ सतत समन्वय के माध्यम से न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई।

न्यायालय द्वारा थाना शिवगढ़, सरवन, रावटी, सैलाना, बिलपांक और नामली के हत्या, दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामलों में आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं थाना औद्योगिक क्षेत्र के एक दुष्कर्म एवं पॉक्सो प्रकरण में आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार चिह्नित अपराधों की विवेचना में वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों पर विशेष जोर दिया गया, जिससे अभियोजन पक्ष मजबूत हुआ और दोषियों को सजा दिलाने में सफलता मिली।

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**रतलाम।** सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश पिता फूचंद (58) निवासी देपालपुर, जिला इंदौर 14 जून को पिटगारा क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान 15 जून की सुबह उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी से औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया और शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण सड़क दुर्घटना से आई गंभीर चोटें बताया गया है। पुलिस दुर्घटना की परिस्थितियों और कारणों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

▸ **प्रोत्साहन राशि के डमी चेक दिए**

**रतलाम।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का समापन समारोह का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की उपस्थिति में खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को निरंतर खेलो के प्रति आगे बढ़ने की बधाई दी।

साथ ही ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में आरोह 2026 के प्रशिक्षकों को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तथा जिला खेल अधिकारी रूचि शर्मा के द्वारा ट्रेकसुट किट तथा 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि के डमी चेक दिये गये।

कार्यक्रम में मल्लखम्ब प्रशिक्षक जितेन्द्र धुलिया, ग्रामीण युवा समन्वय दुर्गा डामोर, ममता सिंह, प्रीति चरपोटा, राशिद खान, शाहिद हुसैन, दुर्गाशंकर मोयल, मोहित पथरोड उपस्थित थे । आयोजन में कलेक्टर और एसपी ने सम्बोधित कर सभी को होसला बढ़ाया और खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रशिक्षक सहित खिलाडी व अन्य मौजूद थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रतलाम।** सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम बडीकला में एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह युवक का शव उसके घर के समीप जंगल क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार राहुल पिता सुनील निनामा (18) निवासी ग्राम बडीकला का शव 14 जून की रात से 15 जून की सुबह के बीच घर के पास स्थित जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर सरवन थाना पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत फांसी लगाने से होना सामने आया है।



## होली हनुमान तीर्थ जाते समय राज्यपाल का सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत

**जावरा।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत का होली हनुमानजी कलश आरोहण वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान जावरा आगमन पर आत्मीय स्वागत किया। राज्यपाल अल्प समय के लिए अपने पारिवारिक मित्र वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिलीप शाकल्य के यहा पहुंचे, जहां विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारी संगठनों द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया।

इस दौरान गीतांजलि गौशाला नीलकंठ धाम घटवास के संस्थापक संस्कार ऋषि गुरुदेव दिनेश व्यास, प्रजापति ब्रह्माकुमारी जावरा इकाई की साध्वी बहनें, सिक्ख समाज गुरुद्वारा प्रमुख ज्ञानी हंसराज सिंह, जितेंद्र गहलोत, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केकेसिंह कालूखेड़ा, कानसिंह चौहान, धरमचन्द्र चपडोद, चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, देवेंद्र शर्मा, हरिराम शाह, सर्राफ प्रकाश कांठेड़, प्रदीप चौधरी नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि यूसुफ कड़पा आदि ने स्वागत किया।

**एक नजर में** ▸ **वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाराणा प्रताप प्रतिमा का दुग्धाभिषेक और पंचामृत अभिषेक**

# महाराणा प्रताप जयंती पर आज निकलेगी भव्य शौर्य यात्रा



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** हिन्दू वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के 486वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को महाराणा प्रताप चौक स्थित प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दुग्धाभिषेक एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया। पं. आशीष सावरा एवं पंडित गोपाल सावरा के सान्निध्य में प्रतिमा पर अभिषेक कर श्री एकलिंगनाथ महादेव की भगवा ध्वजा भी स्थापित की गई।

समिति के नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार को सायं 4 बजे महलवाड़ा परिसर स्थित राजराजेश्वरी पदमावती माता मंदिर एवं जागनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना, चुनरी अर्पण एवं महाआरती के बाद रतलाम संस्थापक महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य शौर्य यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा राजमहल पैलेस रोड से प्रारंभ होकर डालूमोदी बाजार, माणक चौक, घांस बाजार, चौमुखीपुल, गणेश देवरी, धानमंडी एवं शहीद चौक से होती हुई महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचेगी, जहां समापन होगा।

शौर्य यात्रा में प्रचार रथ, राष्ट्रीय तिरंगा एवं भगवा ध्वज लिए युवा, घुड़सवार दल, बैंड, ढोल-नगाड़े, दुर्गा वाहिनी, क्षत्रिय सरदार एवं क्षत्राणियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यात्रा में महाराणा प्रताप, महाराजा रतनसिंह, छत्रपति शिवाजी महाराज एवं महाराजा छत्रसाल बुंदेला के चित्रों से सुसज्जित चार भव्य रथ भी शामिल होंगे। समिति के अनुसार 300 से अधिक बालिकाएं केसरिया साफा धारण कर यात्रा में भाग लेंगी तथा 250 से अधिक स्वयंसेवक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेंगे।